संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, गुरूवार, 05 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बस्ती जनपद में मंडलीय बैठक की अध्यक्षता की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 266 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## महंगाई में राहत: 600 रू. में मिलेगा उज्ज्वला सिलेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय कै**बिनेट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली एलपीजी सब्सिडी को मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार ने रक्षा बंधन और ओणम के अवसर पर घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की थी। अब सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी को 100 रुपये और बढ़ाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी।

**तेलंगाना में जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े विधेयक को मंजूरी :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को संशोधन से जुड़े विधेयक- केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक- 2023 को संसद में पेश करने की मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम- 2014 की



13वीं अनुसूची के तहत ऐसा किया जा रहा है। इसके तहत दोनों राज्यों आंध्र और तेलंगाना में एक-एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी थी। आंध्र में 2019 में विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी है, जबकि तेलंगाना में जमीन आवंटन में देरी से अभी तक विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो पाई थी। तेलंगाना के मुलुगु जिले में 889.07 करोड़ रुपये से विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में तेलंगाना की एक जनसभा में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी। उन्होंने तेलंगाना की केसीआर सरकार पर विश्वविद्यालय को स्थापित किए जाने से रोकने के लिए जमीन आवंटन में देरी करने का आरोप भी लगाया था।

**केंद्र ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया:** भारत सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की एक जनसभा में इसकी स्थापना की घोषणा की थी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी के बारे में जागरुकता तथा खपत बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा।

**सौगात**

- लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी को 100 रुपये और बढ़ाया है
- राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी के बारे में जागरुकता तथा खपत बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा

**फास्ट न्यूज**

### एचएएल ने सौंपा तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वायुसेना** को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को बेंगलुरु में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को सौंपा। एचएएल और भारतीय वायु सेना के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से यह पहला है। एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ने एक औपचारिक समारोह में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में एलसीए तेजस का पहला ट्रेनर संस्करण सीएएस एयर चीफ मार्शल चौधरी को सौंपा। इस कार्यक्रम में वायु सेना के उप प्रमुख, भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अधिकारी और परियोजना से जुड़े कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। एचएएल ने पहला तेजस ट्रेनर बना लिया है, जो अंतिम विकासात्मक परीक्षण उड़ानों से गुजर चुका है। तेजस डिवीजन के दौरे पर एयर मार्शल दीक्षित को एचएएल टीम ने ट्रेनर एयरक्राफ्ट के उत्पादन की स्थिति और एलसीए मार्क-1ए की डिलीवरी की योजना के बारे में जानकारी दी थी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी।

### माउंगी, लुइस और एलेक्सी को रसायन शास्त्र का नोबेल

**टीम एक्शन इंडिया/स्टॉकहोम**
**अमेरिकी** वैज्ञानिकों माउंगी बवेंडी, लुइस ब्रस और एलेक्सी इकिमोव को रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को रसायन शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा के साथ जानकारी दी कि वर्ष 2023 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार "क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए" दिया जा रहा है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के लुइस ई ब्रस और नैनोक्रिस्टल्स टेक्नोलॉजी इंक के एलेक्सी आई एकिमोव को संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।

## शराब घोटाले में संजय सिंह पर 'शिकंजा'

= शराब घोटाले में आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार, 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हुई। दोपहर के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार लिया। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे। आगे बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। इस साल मई में ईडी ने सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि ईडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है।



**संजय सिंह के परिवारवालों से मिले केजरीवाल**

**दिल्ली** शराब घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बुधवार ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। संजय सिंह के परिवार से मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम सभी जानते हैं कि ईमानदारी की राह कठिन है। हम डरेंगे नहीं। अगर हम भी उनकी तरह बेईमान हो जाएंगे तो हमारे सभी समस्याओं का समाधान होगा।

**कार्रवाई**

- जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हर क्रांतिकारी को जेल देखनी होती है: संजय

**गिरफ्तारी से पहले मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे संजय सिंह:** गिरफ्तारी से पहले आप सांसद संजय सिंह ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया। आप ने एक्स हैंडल पर इसका वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हर क्रांतिकारी को जेल देखनी होती है, आज संजय सिंह को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। न डरे थे, न डरेंगे, अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

संजय सिंह के आवास समेत अन्य जगहों पर जांच एजेंसी की छापेमारी के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप नेता से लेकर कार्यकर्ता विरोध करते रहे। इसका असर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी देखने को मिला। आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया है।



भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों के भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता है। उन्होंने 88.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पर कब्जा जमाया। वहीं, भारत के ही किशोर जेना ने 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत हासिल किया।

### अभिनेता रणबीर कपूर को ईडी ने भेजा समन

**नई दिल्ली**: बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर अपने दमदार अभिनय के लिए काफी जाने जाते हैं। लेकिन मौजूदा समय में रणबीर का नाम विवादों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। खबर है कि देश के प्रवर्तन निदेशालय ईडी की ओर से ब्रह्मास्त्र फिल्म कलाकार रणबीर कपूर को समन भेजा गया है। मालूम हो कि ऑनलाइन गेमिंग ऐप को लेकर अभिनेता के खिलाफ ईडी की ओर से कार्रवाई की गई है। अपनी शानदार फिल्मों के जरिए दर्शकों को भरपूर मनोरंजन करने वाले रणबीर कपूर हर किसी के चहेते माने जाते हैं। लेकिन जैसी ही ये खबर सामने आई कि ऑनलाइम गेमिंग एप के चक्कर में अभिनेता का नाम फंस रहा है तो सनसनी मच गई है।

## सिक्किम बाढ़ में लापता हुए सेना के 23 जवान

### पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम प्रेम सिंह से की बात; अबतक पांच की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक**
**झील** के ऊपर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। हालांकि, केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

**पीएम मोदी ने की सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग से बात:** पीएम मोदी ने सिक्किम में आई भीषण बाढ़ को लेकर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सिक्किम के हालातों को लेकर राज्य के सीएम से बात की और उनसे दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिक्किम में किसी भी चुनौती से निपटने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मैं प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, तीस्ता नदी का जलस्तर बुधवार दोपहर एक बजे तक खतरे के निशान से नीचे था। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई।

**दुखद**

- इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम फाइनल में


**टीम एक्शन इंडिया/हांगझू**
**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को पहले सेमीफाइनल में कोरिया पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ 19वें एशियाई खेल के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत का सामना जापान और चीन के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत के लिएहार्दिक सिंह (5''), मंदीप सिंह (11''), ललित कुमार उपाध्याय (15''), अमित रोहिदास (24'') और अभिषेक (54'') ने गोल किया, जबकि कोरिया के लिए मंजे जंग (17'', 20'', 42'') ने हैट्रिक बनाई। मैच की शुरूआत भारत ने आक्रामक तरीके से की। हार्दिक सिंह ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

**एशियाई खेल**

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहले सेमीफाइनल में कोरिया पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की

## एसवाईएल नहर: पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सतलुज यमुना** लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि इस मामले में राजनीति ना करें। हमें मजबूर ना करें कि हम इस मामले में कोई सख्त आदेश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट जनवरी 2024 में अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की मर्यादा का पालन करे। हम दो दशक से सतलुज यमुना लिंक नहर का निर्माण नहीं





होने से चिंतित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को तीन जिम्मेदारी सौंपी। कोर्ट ने कहा कि केंद्र नहर की जमीन का सर्वे करे। केंद्र सरकार ये भी बताए कि कितना निर्माण काम हो चुका है। कोर्ट ने कहा कि इस बीच केंद्र सरकार सुलह को लेकर दोनों राज्यों के बीच बात करती रहे। 23 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते हैं। दोनों राज्यों को मिलकर मामले का हल निकालना होगा। आखिरकार दोनों इसी देश के राज्य हैं। दोनों राज्य बैठक कर मामले का हल निकालें।

**टिप्पणी**

- राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की मर्यादा का पालन करे। हम दो दशक से एसवाईएल का निर्माण नहीं होने से चिंतित

**आकांक्षा**

मुख्यमंत्री ने द लॉरेंस स्कूल सनावर के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की

## 'बेहतर इंसान बनने का ध्येय लेकर जीवन में आगे बढ़ें विद्यार्थी'

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के द लॉरेंस स्कूल, सनावर के 176वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की और मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरित किए। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर इंसान बनने की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन के निर्णय जटिल हो सकते हैं और कई बार स्वार्थ और बिना किसी प्रयास के आसानी से सफल होने की आकांक्षा किसी को भी आकर्षित कर सकती है, लेकिन जीवन में कभी भी शार्टकट सफलता का विकल्प नहीं हो सकता। हमें सदैव याद रखना चाहिए कि सफलता, प्रसिद्धि, लोकप्रियता और धन अस्थायी खुशी प्रदान कर सकते हैं, परन्तु वास्तविक रूप से जीवन मूल्यों के प्रति सच्चे रहने, नैतिकता का पालन करने तथा सदाचारी जीवन जीने से ही वास्तविक संतोष प्राप्त होता है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सिद्धांतों पर अटूट विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन ईमानदारी और नैतिक मूल्य हमारे जीवन में एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, अपनी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करने तथा चुनौतियों का सामना करने पर भी कभी हार न मानने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करने में द लॉरेंस स्कूल, सनावर के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह गुण जीवन में आगे बढने में अमूल्य साबित होते हैं।



**आह्वान**

- जीवन में कभी भी शार्टकट सफलता का विकल्प नहीं हो सकता। हमें धन अस्थायी खुशी प्रदान कर सकते है: सीएम

## पुलिस केवल रोजगार नहीं, देश के प्रति सेवा का सम्मान है: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर की दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर से आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस केवल एक रोजगार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और देश के प्रति सेवा का सम्मान है। इसलिए पुलिस कर्मियों को सदैव अपनी वर्दी का सम्मान रखते हुए जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। क्योंकि हमारे कंधे पर जो बैज लगा है, हम सभी उसका सम्मान बढ़ाते हैं और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि पुलिस बल का सम्मान बना रहे। आज पास हुए 441 प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर में 61 महिलाएं भी शामिल हैं। बुधवार को दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने प्रोबेशनर उप निरीक्षक बैच संख्या-20 में प्रथम रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर मंजित और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर टीना को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



दीक्षांत समारोह में कुल 441 प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली और जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया। इनमें 380 पुरुष तथा 61 महिलाएं शामिल हैं।

# जोशीमठ में आपदा प्रबंधन की ओर से भूकंप को लेकर किया गया मॉकड्रिल

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिला आपदा प्रबंधन की ओर से जोशीमठ तहसील प्रशासन, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के साथ बुधवार को जोशीमठ में भूकंप को लेकर मॉकड्रिल की गई।
इस दौरान भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त भवनों में से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए उपचार मुहैया कराने और रेस्क्यू ऑपरेशन संचालन के बारे में अभ्यास कराया गया। ताकि भूकंप जैसी आपदा में कम से कम रिसपोंस टाइम में रेस्क्यू कार्यो को अंजाम दिया जा सके। उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी की देखरेख में हुआ।



बुधवार को दोपहर 12:30 बजे जोशीमठ स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउस में भूकंप के कारण कुछ लोगों के दबे होने की सूचना प्रसारित की गई। तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के रिस्पांसिबल ऑफिसर एसडीएम कुमकुम जोशी ने आईआरएस से जुड़े सभी तहसील स्तरीय अधिकारियों को आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए। इसके 10 मिनट बाद ही एक टीम को आवश्यक उपकरणों के साथ जीएमवीएन के लिए रवाना किया गया।
घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और घायल लोगों को निकालते हुए एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मॉकड्रिल में एसडीएम कुमकुम जोशी, एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला, एसडीआरएफ के निरीक्षक जगमोहन सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी आदि शामिल थे।

# चाकू दिखाकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास, गले पर किया हमला

**गिरफ्तार**

**8 आरोपित पहले भी एक एक व्यक्ति का हत्यारोपित रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के बेतालघाट थाना क्षेत्र में राह चलती एक युवती को चाकू दिखाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। युवती ने आरोपित की बात नहीं मानी तो उसके गले पर चाकू से हमला कर दिया।
आरोपित पहले भी एक एक व्यक्ति का हत्यारोपित रहा है। पुलिस ने इस मामले में भी उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
'एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 01 अक्टूबर को बेतालघाट घरेटी निवासी एक युवती को बेतालघाट बाजार से अपने घर जाने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने के इरादे से चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। इस पर बेतालघाट के थानाध्यक्ष मनोज नयाल ने तत्काल पीड़िता की तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास में प्रयुक्त धारा 307 के तहत अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। इस मामले में आरोपित पंकज जोशी पुत्र गोविन्द बल्लभ जोशी निवासी ग्राम जतना हल्यानी बेतालघाट का नाम प्रकाश में आया है। उसे पुलिस ने बेतालघाट के पास से ही गिरफ्तार कर लिया गया है।



## 5 से 19 अक्टूबर तक चलेगा बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिये अभियान

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशों पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की अध्यक्ष जिला न्यायाधीश सुजाता सिंह के निर्देशों के क्रम में जनपद में 5 से 19 अक्टूबर तक बालकों के अधिकारों के संरक्षण के विषय पर 15 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि नालसा यानी ह्यचाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज टू चिल्ड्रन एंड देयर प्रोटेक्शन-2015ह्व पर आधारित यह अभियान शिक्षा विभाग, पुलिस, प्रशासन, समाज कल्याण आदि समस्त विभागों के द्वारा संयुक्त रूप चलाया जायेगा।

# मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण को लेकर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक

**आयोग**

**8 आयोग की स्वीकृति मिलने के बाद जिले में मतदेय स्थलों की संख्या बढकर 592 हो जाएगी**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन के लिए संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण संशोधन एवं परिवर्तन से संबंधित अभी भी कोई सुझाव या प्रस्ताव बाकी है, तो तत्काल उपलब्ध करें। सभी एसडीएम तहसील स्तर पर जन प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए नए मतदेय स्थलों का पुनः पुनरीक्षण करें।
इस दौरान बताया कि राजनैतिक दलों से अब तक प्राप्त प्रस्तावों और मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबंधित कुल 45 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इसमें मतदेय स्थल की पैदल दूरी दो किमी से अधिक होने के कारण 20, एक ही भवन में संचालित दो मतदेय स्थलों में मतदाताओं की संख्या 15 सौ से कम होने पर समायोजित के लिए दो, किसी कारण से मतदेय स्थल के नाम में परिवर्तन होने पर पांच, वर्तमान मतदेय स्थल क्षतिग्रस्त होने पर 12 और मतदाताओं की सुविधा के लिए किसी अनुभाग को दूसरे अनुभाग में शामिल करने के लिए छह प्रस्ताव शामिल है। नए मतदेय स्थलों बनाने के लिए प्राप्त 20 प्रस्ताव और मतदाताओं की संख्या 15 सौ से कम होने पर दो मतदेय स्थलों के समायोजन के बाद कुल 18 नए मतदेय स्थल बनाए जाने के प्रस्ताव पूर्व में आयोग को भेजे जा चुके है।
जनपद की तीनों विधानसभा में अभी 574 मतदेय स्थल है और 18 नए मतदेय स्थलों के प्रस्तावों पर आयोग की स्वीकृति मिलने के बाद जिले में मतदेय स्थलों की संख्या बढकर 592 हो जाएगी।
बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बजवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रभारी अनूप सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गीता राम उनियाल, सहायक जगदीश सिंह, जसपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूकेडी नेता सुशील उनियाल बने जिला प्रभारी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड क्रांति दल ने सुशील उनियाल को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन को मजबूत किए जाने को प्रभारियों को जिलों का जिम्मा दिया गया है। नए केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने पद संभालने के बाद पार्टी संगठन में पहला बड़ा बदलाव किया।
केंद्रीय अध्यक्ष पूरण ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को पहले चरण में जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसके बाद नगर, ब्लॉक, न्याय पंचायत से लेकर बूथ प्रभारियों को नियुक्त किया जाएगा। दिल्ली की जिम्मेदारी प्रताप शाही, सह प्रभारी डा. बिहारी लाल जालंधरी को दी गई है। हरिद्वार में बहादुर सिंह रावत, देहरादून रविन्द्र वशिष्ठ, उत्तरकाशी जयप्रकाश उपाध्याय, टिहरी पंकज व्यास, पौड़ी महेन्द्र रावत, चमोली राजेंद्र बिष्ट२, उधमसिंह नगर आनंद सिंह असगोला, नैनीताल सुशील उनियाल, बागेश्वर भुवन जोशी, चम्पावत शिव सिंह रावत, अल्मोड़ा इंद्र सिंह मनराल, पिथौरागढ़ रमेश थलाल, डीडीहाट भानू मेहरा, काशीपुर हरजाप, हल्द्वानी श्याम सिंह नेगी, हरिद्वार महानगर सरिता पुरोहित, महानगर देहरादून बृजमोहन सजवाण, ऋषिकेश मोहन सिंह असवाल, रुद्रप्रयाग विजयन्त सिंह निजवाला, श्रीनगर महानगर की सतेंद्र भट्ट को जिम्मेदारी दी गई है।

### आरटीओ विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, 216 वाहनों का चालान और 45 वाहन सीज

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
आरटीओ विभाग का विशेष अभियान हल्द्वानी शहर एवं लालकुआं क्षेत्र में चलाया गया। इसमें 15 प्रवर्तन टीम लगाई गई थीं। इसमें 1 एआरटीओ, 2 इंटरसेप्टर, 5 फ्लाइंग स्क्वाड के साथ ही 7 मोटरसाइकिल स्क्वाड शामिल थे। इस अभियान में 216 वाहनों का चालान और 45 वाहनों विभिन्न खामियों और नियमों के उल्लंघन में सीज किया गया।
लालकुआं क्षेत्र में लगातार भारी वाहनों में ओवरलोडिंग की शिकायत मिल रही थी। इस पर दो प्रवर्तन टीम व बाइक स्क्वाड को प्रवर्तन हेतु लगाया गया था। साथ ही बसों में टिकट न देने की बात संज्ञान में आई। ऑटो में ओवरलोडिंग के अतिरिक्त सीट लगा कर सवारी बैठाने की शिकायतें भी मिल रही थीं।
अभियान का विशेष ध्यान भार वाहनों में ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाना, बस में टिकट न देना एवं लॉगबुक न रखा जाना, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट, बिना परमिट वि फिटनेस के वाहन चलाना, ऑटो में एक्स्ट्रा सीट लगा कर चलना आदि जो ऑटो सीज किए गए हैं। टीम में एआरटीओ रश्मि भट्ट एवं टीटीओ गुरमुख सिंह लालकुआं क्षेत्र, टीटीओ गोविंद सिंह एवं टीटीओ प्रमोद कर्नाटक कालाढूंगी रोड, टीटीओ शांति प्रसाद एवं टीटीओ सचिन नैनीताल रोड , टीटीओ जगदीश कुमार रामपुर रोड, समस्त 7 बाइक स्क्वाड्स, जिसमें सब इंस्पेक्टर (परिवहन) शामिल थे।

### मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट लेकर आया एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**मंडी** । करियर के तमाम नए अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवाआज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई-कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में खुद को झोंक देते हैं। लेकिन इन बच्चों से भी ज्यादा तादात उन बच्चों की है जो सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफल होकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना तो देखते हैं मगर आर्थिक तंगी के कारण, इस परीक्षा की विधिवत तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं कर पाते। अगर आप भी इन्हीं बच्चों में से एक हैं तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है। यह सुनहरा अवसर आपके आईएएस अधिकारी बनने के सपने को सच करने की दिशा में आशा की किरण साबित हो सकता है। इसके तहत आप इंग्लिश और हिंदी माध्यम सेजनरल स्टडीज के प्री-कम-मेंस फाउंडेशन कोर्स (ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड) में ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप पा सकते हैं।
इस स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन आने वाली 15 अक्टूबर को किया जा रहा है।

# गढ़ फिल्म पोथली की स्टार कास्ट का गढ़वाल महासभा ने किया अभिनंदन



**लोकार्पण**

**8 - पोथली फिल्म के पोस्टर का हुआ लोकार्पण, २6 अक्टूबर को ऋषिकेश में फिल्माई जाएगी**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रज्वल फिल्म प्रोडक्शन की निर्मित उत्तखण्डी फीचर फिल्म पोथली की स्टारकास्ट का अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा ने भव्य स्वागत किया।
बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के देहरादून रोड स्थितकार्यालय में फिल्म के पोस्टर का लोकार्पण महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी , फिल्म के निर्देशक रवि ममगांई, समाजसेविका सीता पयाल व रोशन उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे, महामंत्री उत्तम असवाल ने फिल्म से जुड़े कलाकारों को माला और पटका पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया।
इस अवसर पर फिल्म के निमार्ता निर्देशक रवि ममगांई ने बताया कि उनकी फिल्म पोथली देवभूमि में बालिकाओं पर बढ़ रहे घिनौने अपराध और अत्याचार की सच्ची घटना पर आधारित है जो अबतक देहरादून, कोटद्वार,पौड़ी एवं श्रीनगर में सफलतम प्रदर्शन कर चुकी है।
शुक्रवार 6 अक्टूबर से रोजाना एक शो सुबह 10:45 बजे से ऋषिकेश के रामा पैलेस सिनेमा हॉल में प्रदर्शित की जाएगी।
फिल्म एक पिता का बेटी के लिए न्याय दिलाने के संघर्ष की कहानी है।
फिल्म में मुख्य भूमिका में गोकुल पंवार,बृजेश भट्ट,इंदु भट्ट, रामरवि,सते सिंह पटवाल, नवल सेमवाल,बबिता महंत,योगेश सकलानी ने निभाई है।फिल्म के गीत स्वर कोकिला मीना राणा एवं जितेंद्र पंवार संगीत वी कपूर ने दिया है। फिल्म की कहानी रुचि ममगांई ने लिखी है।

## भगवान विष्णु का अवतार हैं भगवान कपिल मुनि : रविंद्र पुरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के ईष्टदेव भगवान कपिल मुनि की जयंती सभी अखाड़ों के संतों के सानिध्य में समारोह पूर्वक मनायी गयी। सभी संतों ने भगवान कपिल मुनि का पूजन व आरती कर उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए धर्म संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी की छावनी में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि भगवान कपिल मुनि अखाड़े के ईष्टदेव और जन-जन के आराध्य हैं।

# पार्वती दास ने की भगत दा से भेंट

**प्रेरणा स्रोत**

**8 भगत सिंह राजनीति में उत्तराखंड के सभी दलों के राजनेताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे भगत सिंह कोश्यारी की राजनैतिक छवि लोगों के लिए मार्गदर्शन का काम करती है।
इसी क्रम में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर की नव निर्वाचित विधायक पार्वती दास ने भगत सिंह कोश्यारी से शिष्टचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



भगत सिंह राजनीति में शुचिता और व्यक्तित्व के कारण उत्तराखंड के सभी दलों के राजनेताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अपनी मुखर शैली के कारण ही भगतदा लोगों में काफी लोकप्रिय हैं। पार्वती दास ने कहा कि भगतदा के आशीर्वाद से मैं राजनीति में विकास के कार्यों को जनता के बीच और तेजी से ले जाऊंगी। इसके लिए वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद आवश्यक है।

# एक किलो से अधिक अवैध चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बड़ी सफलता**

**8 अवैध चरस को पकड़ने वाले पुलिस टीम को एसपी ने की 15 सौ रुपये नकद इनाम की घोषणा**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले को नशा मुक्त करने के लिए प्रयासरत चमोली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थ्राली थाना पुलिस ने देवाल विकास खंड के इछोली गदेरे के पास एक किलो 11 ग्राम अवैध चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अवैध चरस का बाजार भाव एक लाख रुपये आंका गया है। बुधवार को पत्रकारों से



बातचीत में पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव ने बताया कि कल थराली और देवाल पुलिस टीम की ओर से चेकिंग के दौरान देवाल के इछोली गदेरे के समीप ग्राम बलान निवासी 22 वर्षीय जयवीर राम से एक किलो 11 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित ने बताया कि वह अवैध चरस को बेचने के लिए ले जा रहा था। उसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया।
उन्होंने बताया कि अवैध चरस को पकड़ने वाली पुलिस टीम को उनकी ओर से 15 सौ रुपये नकद धनराशि दिए जाने की घोषणा की है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी मौजूद थे।
अवैध चरस को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष थराली देवेंद्र पंत, चैके प्रभारी देवाल उप निरीक्षक विनोद रावत, हेड कांस्टेबल दिगंबर रावत, सिपाही राजेश, कृष्णा भंडारी, एसओजी राजेंद्र सिंह, होमगार्ड राकेश आदि शामिल थे।

# नशा तस्कर गैंगस्टर कपिल देव की 50 लाख की संपत्ति हुई कुर्क

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नशा तस्करों पर नकेल कसने की सरकार की कार्रवाई अब दिखने लगी है। इसी तरह के एक नशा तस्कर गैंगस्टर कपिल देव की 50 लाख की सम्पत्ति कुर्क कर ली गई है। आरोपित के खिलाफ लूट, चोरी, मारपीट व नशा तस्करी के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं।
बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि आदतन अपराधियों के अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त कर उनकी आर्थिक कमर तोड़ने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। बीती रात थाना रायपुर पुलिस ने गैंगस्टर कपिलदेव के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते



हुए उसकी 50 लाख रुपये कीमत की सम्पति (मकान) को गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। गैंगलीडर कपिलदेव ने संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थ की बिक्री, लूटपाट, बंद मकानों में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं से अवैध लाभ अर्जित कर उक्त संपति को जोड़ा गया था।
बीते वर्ष 7 जनवरी को थानाध्यक्ष रायपुर ने उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत गैंगलीडर 29 वर्षीय कपिलदेव पुत्र कमल सिंह निवासी राजीव नगर तरली कंडौली थाना रायपुर देहरादून और उसके सहआरोपित गैंग सदस्य 23 वर्षीय प्रखर द्विवेदी पुत्र विनय द्विवेदी निवासी राजीव नगर तरली कंडौली थाना रायपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।
इसमें गैंगलीडर कपिलदेव के अपने गैंग सदस्य प्रखर द्विवेदी के साथ मिलकर एक सुसंगठित गिरोह बनाकर क्षेत्र में लूटपाट, मारपीट, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं बंद मकानों की रैकी कर चोरी के माल से अवैध लाभ लेना अंकित किया गया था। दोनों आरोपितों को पूर्व में ही गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार किया गया था।
गैंग लीडर कपिलदेव की अर्जित की गई अवैध सम्पत्ति को चिन्हित की रिपोर्ट न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट देहरादून को प्रेषित की गयी। जिला मजिस्ट्रेट देहरादून ने कपिलदेव के उक्त मकान को कुर्क करने के आदेश दिये गये थे।

# गोपेश्वर महाविद्यालय में हुई पोस्टर प्रदर्शनी



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
महाविद्यालय गोपेश्वर में गांधी जयंती पखवाड़े के अंतर्गत स्ववित्त पोषित बीएड विभाग में बुधवार को एक संवाद कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गयी। पोस्टर प्रदर्शनी आयोजन में राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय की टीम की ओर से निर्मित पोस्टर प्रदर्शनी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से निर्मित गांधी पोस्टर्स की प्रदर्शनी लगाई गयी। संवाद कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के विवेक सोनी और भीम सिंह ने कहा कि गांधी के विचार आधुनिक समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने आजादी से पहले थे और गांधी के विचारों को अपनाकर ही आत्मनिर्भर भारत का सपना पूर्ण हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. नाभेंद्र गुसाईं, डॉ. समीक्षा, डॉ. बबीता, रुपिन कंडारी, विनीत डिमरी आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# डोलती धरती, कांपते लोग

**नेपाल** में धरती से पांच किलोमीटर नीचे भूकंप के केंद्र बिंदु ने तीन अक्टूबर की दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर पहले 4.6 तीव्रता व एक मिनट के ही अंतराल में 6.2 तीव्रता ने सबको हिलाकर रख दिया। सम्पूर्ण नेपाल और उत्तर भारत में जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, देहरादून आदि क्षेत्रों में धरती डोलती रही। लोग घर, दफ्तर और दुकानों से बाहर निकल आए। भूकंप के इन शक्तिशाली झटकों से लोग अभी दहशत में है। बीते साल भी 8 और 9 नवंबर की रात 1:57 बजे आए भूकंप का मैग्नीट्यूड 6.3 था और इसका असर भारत के अलावा नेपाल और चीन में भी देखा गया। भूकंप का केंद्र तब भी नेपाल था। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकंड धरती डोलती रही।

ऐसा पृथ्वी के स्थल मंडल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली तरंगों की वजह से होता है। भूकंप कभी इतने विनाशकारी होते हैं कि शहर के शहर जमींदोज हो जाते हैं। भूकंप का मापन भूकंपमापी यंत्र से किया जाता है। इसे सीस्मोग्राफ कहते है। तीन या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर भूकंप भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर प्रभाव डालता है। जब कोई बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है तो यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी फटने का भी कारण बनते हैं। भूकंप अकसर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं। 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण में सुबह 5:58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा आदि जिलों में था । इससे पूर्व 24 जुलाई, 2021 को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नहीं हुई थी। लेकिन इसे भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था। उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील है। यहां सालभर भूगर्भीय हलचल होती रहती है। 25 अगस्त, 2020 को भी उत्तरकाशी में भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई थी। इससे पहले चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में 21 अप्रैल, 2020 को भूकंप के झटके महसूस हुए थे। इसका केंद्र चमोली जिले में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.3 थी। देवभूमि उत्तराखंड से लेकर गुजरात तक भूकंप का खतरा लगातार बना हुआ है।

# महिला आरक्षण:किस करवट बैठेगा ऊंट

**निर्मल रानी**

> "इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है"

**केंद्र** सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के कयास जरूर लगाए जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चचाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम कठउक्रअ के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फैसला ले सकती है। यह भी कयास थे कि शायद यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कोई फैसला हो, 'एक देश एक चुनाव' पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी कयासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - "गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है। परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो जरूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरूआत भी की गयी। और इसके साथ



ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है। गौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा , सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसलिये महिला आरक्षण के मुद्दे के बहाने आधी आबादी के वोट बैंक पर झपटने की तैयारी में भाजपा व कांग्रेस यानी पक्ष विपक्ष दोनों ही पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। कांग्रेस इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के सपनों का विधेयक बता रही है। कांग्रेस इसे तत्काल लागू न करने के लिये मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है। सरकार द्वारा जनगणना व परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जाने की शर्त को सरकार की बहानेबाजी बताते हुये सरकार की नीयत पर ही सवाल उठा रही है। गत 25 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी की 21 प्रमुख महिला नेत्रियां द्वारा उत्तर प्रदेश के 21 शहरों में व देश की अधिकांश राजधानियों में महिला आरक्षण तत्काल लागू न करने के लिये सरकार को घेरने तथा इस इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताने के लिये बाकायदा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। और यह संकेत दे दिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस इस विधेयक का श्रेय लेने और इसे फौरन लागू न करने के लिये भाजपा को जिम्मेदार ठहराने में कोई कसर छोड़ने वाली नहीं है। खास तौर पर विपक्षी गठबंधन कठउक्रअ के गठन के बाद तो कांग्रेस के हौसले और भी बुलंद हैं और पूरा विपक्ष भी यही कोशिश करेगा कि इस मुद्दे का श्रेय भाजपा किसी भी सूरत में न लेने पाये।

दूसरी तरफ भाजपा की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम का श्रेय लेने और साथ ही इसमें तीन दशक का समय लगने के लिये कांग्रेस को ही जिम्मेदार बताने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। पिछले दिनों चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री ने जन संघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ इस अंदाज में अपनी बात कही - उन्होंने कहा कि-"आज बड़ी संख्या में मेरी बहनें और बेटियां आई हैं । आपको जो मोदी ने गारंटी दी थी, वह भी पूरी हो गई थी। कुछ दिन पहले लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का कानून पारित हो गया। लंबे समय से देश इसका इंतजार कर रहा था। मोदी है, तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मैं एमपी समेत पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए घमंडियां गठबंधन ने मजबूरी में खट्टे मन से समर्थन किया है। बे मन से किया है। यह खट्टापन उनके बयानों में दिखाई देता है। यह उनके गठबंधन में जितने लोग हैं, यह वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक कानून पास नहीं होने दिया। संसद में हंगामा किया, और बिल फाड़ दिए। अब मजबूरी में बिल का समर्थन किया है। अब जब समझ गए कि, इनकी चाल चरित्र सबके सामने आ गया है, तो कहने लगे कि, यह क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया।"

महिला आरक्षण को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों की एक दूसरे के प्रति दिखाई जा रही इसतरह की आक्रामकता जहाँ आगामी चुनावों में यह साबित करेगी कि यह मुद्दा आधी आबादी को कितना प्रभावित करेगा वहीं इसके प्रति इसी आधी आबादी का रुख यह भी तय करेगा कि 'महिला आरक्षण का ऊंट' किस करवट बैठेगा।

## कविता

कौन हूँ मैं ?
मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर दिया
या पानी ने अपनी धाराओं में
विलोपित कर दिया मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं आता
अपने अतीत में अपने को खोजता
पीछे की ओर नजरें दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा मैं
शून्य होकर रह गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से तलाशता,
सूखे पत्तों सा फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने दिया
मुक्ति का संदेश

संजीव
---------

# ...रह जाता कोई अर्थ नहीं !

**सुनील कुमार महला**

**जब कोई किसी परीक्षा** में असफल हो जाता है तो उसका मनोबल बिल्कुल ही गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो वह एकबार तो पूरी तरह से टूट सा ही जाता है। बहुत बार यह देखा गया है कि अच्छी खासी मेहनत के बाद भी कोई बच्चा/बच्ची किसी परीक्षा में असफल हो जाते हैं, हालांकि अन्य बहुत सी परीक्षाएं उन्होंने बहुत ही अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की होती है। दरअसल, होता यह है कि बहुत से बच्चे किसी परीक्षा विशेष में स्वयं पर बहुत दबाव महसूस करते हैं। यह दबाव माता पिता, अभिभावकों का हो सकता है, किसी अन्य व्यक्ति यहां तक कि समाज का भी हो सकता है, क्यों कि सभी उस व्यक्ति विशेष से बहुत सी अपेक्षाएं रखते हैं। बहुत बार परीक्षा के समय स्वास्थ्य की दिक्कत हो जाने से भी, अच्छी तैयारी के बाद पेपर बिगड़ जाता है लेकिन ऐसी स्थितियों में किसी भी व्यक्ति को, बच्चे को,बच्ची को जो परीक्षा में असफल हो गए हैं, उन्हें यह कतई नहीं सोचना चाहिए कि यह उसका/उसकी आखिरी परीक्षा थी, अंतिम अवसर था, क्यों कि इस संसार में कहीं भी अवसरों की कोई कमी नहीं है। यह संसार अवसरों से भरा पड़ा हुआ है, बस जरूरत है तो इन अवसरों को भुनाने की। संघर्ष ही जीवन है। जो संघर्ष करते हैं वे अवश्य जीतते हैं। संघर्ष बड़ी चीज है और प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कोई न कोई संघर्ष करना ही पड़ता है। सकारात्मक सोच के साथ मेहनत ही परीक्षा में सफलता दिलाती है, इसलिए असफलता को लेकर बहुत अधिक भावुक होने की जरूरत नहीं है। यह जीवन वैसे भी फूलों की सेज नहीं है, यहां पग पग पर कांटे हैं, संघर्ष हैं। आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। हरेक क्षेत्र में आज बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा है। आप जहां भी चले जाइए, आपको हर तरफ कतारें ही कतारें देखने को मिलेंगी। सच तो यह है कि आदमी यानी हम सब संघर्ष से घिरे हुए हैं और जो सफलता या सीख हमें मिलती है वो देखा जाए तो संघर्ष की ही तो देन है। संघर्ष ही हमारे जीवन को निखारता, संवारता व तराशता हैं। बिना संघर्ष के जीवन में आनंद भी नहीं है। जो संघर्ष से प्राप्त होता है, असली आनंद,खुशी उसी में निहित होती है। जो सरलता से, आसानी से प्राप्त हो जाए, वह लक्ष्य ही क्या ? सच तो यह है कि संघर्ष ही हमें जीवन का अनुभव कराता हैं, वह हमें लगातार/ सतत सक्रिय बनाता हैं और हमें जीना सिखाता हैं। संघर्ष का दामन थामकर न केवल हम आगे बढ़ते हैं, बल्कि जीवन जीने के सही अंदाज को जीवन के आनंद को अनुभव कर पाते हैं। संघर्ष जीवन में उतार - चढ़ाव का अनुभव करता है , अच्छे -बुरे, सही गलत, नैतिक अनैतिक का ज्ञान करवाता है, सक्रिय रहना सिखाता है और हमें समय की कीमत सिखाता है।आज के प्रतिस्पर्धा के इस युग में सभी जाने-अनजाने तनाव से ग्रस्त हैं। तनाव की वजह चाहे छोटी हो या बड़ी, यह हमारे शरीर, हमारे मन-मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

## विचार

# भारतीय देशभक्त सिखों को मत जोड़ो खालिस्तानियों से

**आर.के. सिन्हा**

**इधर हाल** के दौर में कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया वगैरह देशों में मुट्ठीभर सिरफिरे खालिस्तानियों की हरकतों को भारत के सामान्य राष्ट्र भक्त सिखों से जोड़ना वास्तव में किसी अपराध से कम नहीं माना जाएगा। भारत के सिखों की भारत को लेकर निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सिख पंथ की स्थापना ही राष्ट्र पर जी जान न्योछावर करने के संकल्प के साथ हुई थी। भारत के चौतरफा विकास में सिखों को उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह याद रखा जाए कि देश के बंटवारे के समय मोहम्मद अली जिन्ना ने सिखों के सामने पृथक राष्ट्र का प्रस्ताव भी रखा थ जिसे उन्होंने सि? खारिज कर दिया था। उसके बाद वे अपना सब कुछ छोड़कर भारत आ गए थे। यह मानना होगा कि संसार के किसी भी कोने में जाने वाले या रहने वाले सिख भारत के ही ब्रॉड एँबेसेडर हैं। दुनिया के किसी भी भाग में बसा सिख भारत को ही अपनी मातृभूमि और पुण्यभूमि मानता है। सिख समुदाय भारत की टीमों को ही सदा चीयर करता है। मुझे लगता है कि भारतवंशियों के लिए भारत मात्र एक भौगोलिक एन्टिटी (भौगोलिक वास्तविकता) ही नहीं है। यह तो समझना होगा। अगर बात सिखों की करूं तो भारत सिखों के लिए तो गुरुघर है। इसलिए इसके प्रति उनकी अलग तरह की निष्ठा तो रहती ही है।

शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। इसलिए वे केन्या, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन वगैरह में बसने के बाद भी अपने को भारत से दूर नहीं कर पाते। सिखों को भी भारत दिल से ही चाहता है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर का सेवन करते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अदभुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे। अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पदमश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्त दान का सैकड़ा भी बना लिया है। अर्पणा कौर भी भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। अपर्णा कौर का बचपन से ही कला के प्रति रुझान था,उनका रुझान कविता साहित्य रचना में था , संगीत में भी दिलचस्पी रखतीं थीं।अर्पणा कौर को बचपन से ही खुले विचारों वाले माहौल के साथ संगीत, नृत्य, साहित्य और चित्रकारी का सांस्कृतिक परिवेश भी मिला। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने तेल रंग में 'मदर एंड डॉटर'चित्र बनाया जो अमृता शेरगिल की कलाकृति से प्रभावित था। भारत के नामचीन सिखों की बात होगी करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी। ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है। उन्होंने कुछ साल पहले ओबराय इंटरकांटिनेंटल को नये सिरे से विकसित करवाया। मुंबई का दि ट्राइडेंट होटल 26/11हमले में बर्बाद हो गया था। पर ओबराय के बाते विक्की ओबेराय ने उसे राख के ढेर से फि? खड़ा किया। इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमशः हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम छोड़ा नहीं जा सकता। इन तीनों ने भारत क्रिकेट और हॉकी टीमों की कप्तानी की है। लाजवाब फारवर्ड हरबिंदर सिंह 1964 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल विजयी भारतीय टीम के सदस्य थे। अजितपाल सिंह की कप्तानी में भारत ने 1975 में वर्ल्ड कप जीता था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# नवरात्रों के दौरान सौन्दर्य टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**देश में त्योहारों** का सीजन शुरू होने ही बाला है /नवरात्रों से पाबन त्योहारों की शुरूआत मानी जाती है और नवरात्रे कुछ ही दिन बाद शुरू होने बाले हैं /दुनिया भर में हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों में एक माने जाने बाले नवरात्रे इस साल 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मनाये जायेंगे / नवरात्रो के बाद दशहरा , धनतेरस , दिवाली , करबा चौथ ,भाई दूज , छठ पूजा , सहित अनेक त्यौहार मनाये जायेंगे / नवरात्रों के दौरान महिलाओं को डांडिया , गरबा डांस ,दुर्गा पूजा पंडालों सहित अनेक सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओं को परिवार सहित शिरकत करनी पड़ती है जहां काफी संख्या में जान पहचान के लोग/ रिश्तेदार इकठा होते हैं और इन पवित्र मौकों पर महिलायें भक्ति मय ,मस्ती ,जोश , उमंग से परिपूर्ण अपने सबसे सुन्दर और आकर्षक ब्यक्तित्व में दिखना चाहेंगी तो जाहिर है की इन त्योहारों की धूम के बीच महिलाएं सबसे खूबसूरत दिखना पसन्द करती हैं / नवरात्रों में मौसम तेजी से करबट लेता है और इस मौसम में ठण्ड तेजी से बढ़ना शुरू हो जाती है। ऐसे में बाताबरण में तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है और त्वचा से जुडी अनेक सौन्दर्य समस्याएं खड़ी हो जाती हैं / नवरात्रों में ज्यादातर महिलाएं ब्रत रखती हैं तथा अपनी ब्यस्तताओं की बजह से सही समय पर उचित फलाहार आदि नहीं ले पाती जिससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और चेहरा बुझा बुझा सा दिखने लगता है /लेकिन अगर आप अपनी सभी ब्यस्तताओं को निभाते हुए भी अपनी आभा और आकर्षण बरकरार रखना चाहती हैं तो आपको कुछ घरेलू उपाय करने होंगे / हमेशा यह ध्यान रखें की अगर आपका उत्सव खुले में आयोजित किया जा रहा है तो तो मात्र बेसिक तक ही सीमित रहें तथा हलके मेक अप पर भरोसा करें क्योंकि ज्यादा मेक अप गर्मी /उमस या मौसम की मार से पिघल कर फैल जाएगा और आपका मूड खराब हो सकता है तथा आप उत्सव का पूरा आनन्द नहीं उठा पाएंगी / उत्सव खुले में शिरकत करने जाती बार आप प्राइमर , फाउंडेशन या कन्सीलर ,आई मेक अप तथा सामान्य लिपस्टिक तक सीमित रखिये जिससे आप का मेक अप खराब न हो तथा आप उत्सव का भरपूर आनन्द उठा सकें/ नवरात्रा के पाबन त्यौहार में अगर आप किसी पार्टी /उत्सव या गरबा डांस में जा रही हैं तो केबल वाटर प्रूफ मेक अप पर केन्द्रित रहें /बाताबरण में गर्मी तथा डांस से शरीर के तापमान में बढ़ोतरी से आप का मेक अप खराब हो सकता है तथा वाटर प्रूफ मेक अप से आई लाइनर ,लिपस्टिक ,फॉउंडेशन बनी रहेगी।

### चुनाव समय ढूँढ़े मोको

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**चुनाव सम**य ढूँढ़े मोको, बाकी समय उसको मैं ।
न मंदिर में न आश्रम में, न घर-दुआरे-पाछे में ।
न खेतों में, न आंगन में, न झुग्गी-झोपड़िया में ॥
न मैं नीति में, न मैं रीति में, न मैं सत्ता के अधरों में ।
चार बरस से पहले मैं, बेकार हूँ सरकार गिराने में ॥
नहीं पूछ है, नहीं है रुतबा, मुंह छिपाती घूम रही मैं ।
वोट बनकर बैठी हूँ मैं, मेनिफेस्टो और पोस्टर में ॥
खोजकर देखो मैं मिल जाऊँ, हाइवे और चौराहों में ।
कहे वोटर सुनो भई लंपट, वह तड़पती अनसुनी रागों में ॥

भावार्थः वोटर के अनुसार चुनाव के समय नेता गायों को खोजते हैं। बाकी समय गायें उनके नाम पर वोट बटोरने वाले नेताओं की तलाश करती रहती हैं। चुनाव के बरस नेता हमें कहाँ-कहाँ नहीं ढूँढ़ते। उन्हें मैं कैसे बताऊँ न मैं मंदिर में हूँ न घर-द्वार-पिछवाड़े में। न खेत-आंगन में हूँ न झुग्गी-झोपड़ियों में। न मैं सत्ता की नीतियों-रीतियों में हूँ न उनके होंठों में। अलबत्ता संस्कृति विभाग की नेता अपनी संतानों के होटलों में स्टाइलिश इंग्लिश नाम से स्वादिष्ट क्विजिन बनकर बेशकीमती प्लेटों में परोसी जाती हूँ। मिलूँगी या दिखूँगी भी क्यों? मैं तो नेताओं के लिए चार बरस तक मिस्टर इंडिया की तरह गायब रहती हूँ। चार बरस तक सरकार गिराने में लाचार हूँ। इसीलिए मुझे इस दौरान कोई नहीं पूछता। चुनावी बरस जैसी न पूछ होती है न रुतबा। मैं तो उनके मेनिफेस्टो और पोस्टरों में मान-सम्मान और दुनिया भर की सुख-सुविधाएँ पाती हूँ।

बाकी समय हम स्वस्थ होने पर कहीं बीफ बनकर तो कहीं लंपी का शिकार होकर हाइवे-चौराहों पर नजर आती हैं। ऐसे सत्ताधारी नेताओं को देखकर हमें शर्म आती है। कसाइयों से ज्यादा इन्हें देखकर मुँह छिपाना पड़ता है। छद्म राष्ट्रवाद और छद्म धर्म के नाम पर छद्म सेवा का खेल सबसे खतरनाक होता है।

## न्यूज फ्लैश

### साईबर ठगों से बचने के लिए एक महीने बाद बदले अपनी पेमेंट एप्स के पासवर्ड : सतविंदर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुरानी अनाज मण्डी मार्किट अम्बाला शहर में अम्बाला पुलिस ने साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आमजन, दुकानदारों, महिलाओं व बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर साईबर थाना अम्बाला शहर की निरीक्षक सतविन्द्र कौर, अम्बाला साईबर सैल इन्चार्ज उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार व साईबर एक्सर्पट बबीत ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमें उन्होने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये/ अपने फेसबुक/ इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे, और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को मोबाईल से सांझा करें। उन्होने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूगलपे, एटीएम व अन्य ऑनलाइन पेमैन्ट एप्प का पासवर्ड बदले । आज का युग मोबाईल व इंटरनैट का युग है साईबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है जो व्यक्ति साईबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साईबर अपराधियों के झांसे में नही आता व जिस व्यक्ति को साईबर अपराधों बारे जानकारी नही है वह मोबाईल के एक गलत क्लिक से साईबर अपराधियों दवारा ठगा जाता है। आज के समय में हम सभी को साईबर अपराधो बारे जागरूक होना बहुत जरूरी है।

### डेटॉल ने आयुष्मान खुराना को 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' अभियान का एम्बेसडर बनाया

**नोएडा।** भारत का सबसे भरोसेमंद न्यूज नेटवर्क, एनडीटीवी, 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' के विजयी 10वें सीजन के साथ शानदार वापसी कर रहा है, यह भारत का सबसे लंबे अर्से तक चलने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान है। एनडीटीवी ने डेटॉल के साथ मिलकर नौ साल पहले 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' की शुरूआत की थी। बीते 9 वर्षों में, इस अभियान ने कई पुरस्कार और सम्मान हासिल किए और अपने कार्यक्रमों, नवाचारों, गतिविधियों और टूल्स की एक श्रृंखला के जरिये इसने भारत में 24 मिलियन से अधिक बच्चों तक तक अपनी पहुंच बनाई। अपने 10वें वर्ष में, अभियान का फोकस दस का दम की शक्ति के साथ वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वन वर्ल्ड हाइजीन पर है, वन वर्ल्ड हाइजीन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों के प्रति सहानुभूति और एकजुटता को दोहराना है, जिनकी पहुंच स्वच्छता के जरुरी संसाधनों तक नहीं है। यह साधन-संपन्न और वंचितों के बीच के अंतर को कम करने का आह्वान करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई स्वस्थ जीवन जी सके। 10वें सीजन में दस कदम का भी इंतजार रहेगा यानि कि नई चुनौतियां, जिनका समाधान ही अभियान का लक्ष्य है। अभियान के एम्बेसडर, आयुष्मान खुराना ने कहा, इस यादगर 10वें सीजन में, आइए अभियान के उद्देश्य, वन वर्ल्ड हाइजीन को पूरा करने के लिए दस कदम उठाएं। साथ मिलकर, हम लाखों लोगों को स्वस्थ जीवन जीने और एक मजबूत और खुशहाल भारत का निर्माण करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।" रेकिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, क्रिस लिच्ट ने कहा, हमें बनेगा स्वस्थ इंडिया पर बहुत नाज है और हम एक स्वच्छ, स्वस्थ दुनिया की हमारी खोज में भागीदार बनने के लिए अपने सहयोगियों का आभार प्रकट करते हैं। एक ओर हम अपने 10वें साल की साझेदारी को मान्यता देते हुए इस महत्वपूर्ण अभियान का जश्न मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, हमें बनेगा स्वस्थ इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार करना और नए तरीके ढूंढना जारी रखना होगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि हम किसी को भी पीछे न छोड़ें।" एएमजी मीडिया नेटवर्क के सीईओ और प्रधान संपादक, एनडीटीवी लिमिटेड के निदेशक, संजय पुगलिया ने कहा, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के इस विजयी 10वें सीजन के साथ हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं और लोगों को बताना चाहते हैं कि वन वर्ल्ड हाइजीन सिर्फ एक कान्सेप्ट नहीं है; यह एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक दयालु दुनिया के प्रति प्रतिबद्धता है। आइए, सीमाओं के बंधन तोड़कर एकजुट हो जाएं और इसे साकार करें। हमारा भविष्य इस पर निर्भर करता है।"

### कैम्पस एक्टिववियर की रीटेलर्स मीट में दिखा तकनीक और फैशन का संयोजन

**फरीदाबाद।** भारत के सबसे बड़े स्पोट्र्स एवं एथलेजर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने फरीदाबाद में अपनी वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन किया। इस मीट में कैम्पस एक्टिववियर की लीडरशिप टीम, स्टाफ और शहर से 200 से अधिक दुकानदारों ने हिस्सा लिया। मीट की थीम ब्राण्ड की आधुनिक तकनीक, प्रोडक्ट इनोवेशन, डिजाइन एवं ट्रैंड्ज पर आधारित थी, ब्राण्ड अपने उत्पादों में इसी दृष्टिकोण के साथ युवाओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। कैम्पस का ओ.जी. कलेक्शन शानदार फैशन एक्सेसरी है, जिसे खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

# कड़ी मेहनत और लग्न से ही जीवन में मिलती है सफलता : शांतनु

## दीपक गर्ग को ट्रेडमिल में रिकार्ड बनाने पर उपायुक्त ने दी बधाई

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) उपयुक्त शांतनु** शर्मा ने ट्रेडमिल में एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने वाले पिहोवा के व्यवसायी दीपक गर्ग को रिकॉर्ड बनाने पर अपनी शुभकामनाएं दी और भविष्य में ओर अधिक रिकार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में दीपक गर्ग और उनकी पत्नी नेहा गर्ग से बातचीत कर रहे थे।



उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस फील्ड में दीपक ओर बेहतर करेगा ऐसा उन्हें विश्वास है, कड़ी मेहनत और लग्न से ही जीवन में सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पिछले साल दीपक गर्ग का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज हो चुका है, उन्होंने ट्रेडमिल दौड़ में बिना रुके लगातार 1 घंटा 40 मिनट लगातार दौड़ लगाकर 15 किलोमीटर की दूरी तय की है जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले इन्होंने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड के लिए पटियाला की नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में अपनी प्रतिभा आयोजकों के सामने दिखाई थी और एशिया अवार्ड के लिए दिल्ली में प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दीपक गर्ग को मिले एशिया अवार्ड मेडल को पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया तथा भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। ट्रेडमिल दौड़ में एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज करवाने वाले पिहोवा के व्यवसायी दीपक गर्ग ने कहा कि इस अवार्ड के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है, उन्होंने इसका श्रेय अपने परिवार को दिया।

## जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच करेगा सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**शुक्रवार** 6 अक्तूबर को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के रोहतक जोन उपभोक्तओं के लिए मुख्य अभियंता राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की ओर से सुनवाई की जाएगी। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि इस सुनवाई में उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच 1 से 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तिय विवादों से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। यह सुनवाई रोहतक जोन के अन्तर्गत आने वाले करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के लिए होगी। इस सुनवाई में गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब

**सुनवाई**

**8 1 से 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तिय विवादों से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा**

हुए मीटर के मामलों और वोल्टेज से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूपयोग और घातक व गैर घातक दुर्घटना मामलों पर विचार नही किया जाएगा। इस दौरान उपभोक्ता को यह भी प्रमाणित करना होगा कि सम्बंधित मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लम्बित नही है।
क्योंकि उक्त सुनवाई में इन विचारधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नही किया जाएगा।

## किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में वन्य-जीव दिवस का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) किडजी** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में आज वन्य-जीव दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को वन्य जीव के बारे में बताना व बच्चों को वन्य जीव सरंक्षण को प्रोत्साहित किया जाना था क्योंकि यह हमारे प्रकृति का हिस्सा हैं। इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है और प्रकृति की सुंदरता के लिए इनका होना अनिवार्य है।इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय में कृत्रिम जंगल बनाया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक विद्यार्थी वन्य जीवों से संबंधित भिन्न-भिन्न प्रकार की वेशभूषा जैसे शेर ,खरगोश,चीता, कंगारू ,बंदर एवम हाथी में आए।

## छावनी में कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी शॉप में लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के महेश नगर में शातिर चोर कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी शॉप में सेंध लगा 5 लाख से अधिक का सामान चुरा ले गए। चोर इतने शातिर थे कि वह अपने साथ सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना अंबाला छावनी के करधान रोड पर महक कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी की है। पूजा विहार अंबाला छावनी निवासी अनु रानी ने बताया कि उसकी डीएवी रीवर साइड स्कूल के सामने करधान रोड पर महक कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी की दुकान है।

## विश्व पशु कल्याण दिवस समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती स्कूल परिसर में विश्व पशु कल्याण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक जसबीर गवालड़ा रहे। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक और आर्य समाज काबडी के उपप्रधान ओउम् दत आर्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर शाकाहार अपनाएं बेजुबान पशु की जान बचाएं विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व छात्रों और अध्यापकों ने



सफाई अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जसबीर गवालड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवों पर दया करो और अहिंसा परमो धर्मं पर आधारित है। प्रकृति और परमेश्वर की दृष्टि में सभी प्राणी एक समान है। यदि हमें प्रकृति को सुरक्षित रखना है तो पशु संरक्षण को बढ़ावा देना होगा। इसी के दृष्टिगत 4 अक्टूबर को पशु प्रेमी असीसी के सेंट फ्रांसिस के जन्मदिन को विश्व पशु कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाता है। कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने कहा कि स्वच्छता से पवित्रता आती है और पवित्रता में ही परमेश्वर निवास करते हैं।

# वर्तमान में प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या : कुलपति प्रो. सोमनाथ

## कुवि में वन्य जीवन सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण अभियान की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के इको क्लब द्वारा बुधवार को वन्य जीवन सप्ताह के अंतर्गत कुवि के द्वितीय द्वार से पौधारोपण अभियान की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा पौधारोपण कर की गई।
इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की बहुत बड़ी समस्या है इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है।



पर्यावरण बचाने के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की निरंतर आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद इनका संरक्षण करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पृथ्वी पर एक बेहतर भविष्य पाने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।
पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने की लिए पौधों की अहम् भूमिका होती है। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में पौधा लगाया।
उन्होंने कहा कि वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए व प्रकृति को संरक्षित करने में पौधों की अहम भूमिका होती है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं पर्यावरण नोडल अधिकारी प्रो. शुचिस्मिता ने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना मानव के जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का अपना विशेष महत्व है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, आईसीसीआर से प्रोग्राम आफिसर विनोद रानी कपूर, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, जूलोजी विभाग के अध्यक्ष व इको क्लब के डिप्टी नोडल आफिसर डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. राजकमल, डॉ. रमेश सिरोही, डिप्टी नोडल आफिसर डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. विशाल अहलावत, डॉ.लता खेड़ा, डॉ. रमेश कुमार, रविन्द्र तोमर सहित शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद थे।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

**हिसार।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नजर डालते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का सेटलमेंट अनुपात 97.90 प्रतिशत हैं, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का 96.70 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का 95.80 प्रतिशत, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का 93.50 प्रतिशत, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का 86.30 प्रतिशत, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का 77.30 प्रतिशत हैं। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है, बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है। ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई के विषय में कंपनी पर भरोसा करते हैं और कंपनी के आँकड़ें भी यही साबित करते हैं कि वे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं।

## थाने के समक्ष फ्लाईओवर पर अब 6 लेन होगी जीटी रोड

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह एवं स्वास्थ्य** मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अब जल्द अंबाला में जीटी रोड पर वाहन चालकों को भारी राहत मिलेगी। अंबाला के पड़ाव थाने के समक्ष जीटी रोड फ्लाईओवर पर सडक को अब सिक्स लेन किया जाएगा जोकि अभी फोरलेन है। विज ने इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अपने आवास पर बैठक की और इसके उपरांत मौके पर मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी योजना तैयार की जाए जिससे फ्लाईओवर के साथ सर्विस लेन को अम्बाला.सहारनपुर रेलवे लाइन के नीचे अंडर पास बनाकर निकालते हुए सीधा स्टाफ रोड से मिलाया जा सके। मंत्री विज ने अधिकारियों के साथ फ्लाईओवर के नीचे बने अंडरपास क्षेत्र का मुआयना किया और विस्तृत चर्चा की।

## संदीप गर्ग के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में मिलेगा भोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा अब तक पांच रसोईयां खोल दी गई है। जिसमें प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार लोग मात्र पांच रूपए देकर दोपहर का भरपेट भोजन ग्रहण करते हैं। इतना ही नहीं अब तक संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के में 37 नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प एवं आंखो के जांच शिविर लगाए जा चुके हैं। जिसमें लोगों को नि:शुल्क चश्मे व दवाईयां आदि वितरीत की जाती है और जिन लोगों के ऑप्रेशन होते हैं वह भी संदीप गर्ग द्वारा करवाए जाते हैं।
बुधवार को गांव ढंगाली में नेता संदीप गर्ग द्वारा 37वां नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प



एवं आंखो के जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव ढंगाली से ही संदीप गर्ग द्वारा एक नई शुरूआत की गई। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि गांव ढंगाली से पहले 36 गांवो में कैम्प लगाए जा चुके हैं। परंतु अब से जिस भी गांव में कैम्प आदि लगेंगे वहां पर लोगों के लिए दोपहर के खाने का व्यवस्था की जाएगी। दोपहर का खाना लोगों को नि:शुल्क दिया जाएगा। क्योंकि कई बार कैम्प आदि में भीड़ अधिक होती है और लोगों का नम्बर काफी देर में पडता है, इसलिए अब से लोग अपने स्वास्थ्य का चैकअप करवाने के बाद दोपहर का भरपेट भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभी वह सरकार में नहीं है, अगर जनता ने अपना आशीर्वाद उन्हें दिया तो जो कार्य होंगे वह पूरा हरियाणा देखेगा। लाडवा विधानसभा को नम्बर बनाने का काम करेंगे। वहीं ग्रामीण बलविन्द्र, विक्रम, सक्षम, गुरजंट सिंह आदि ने कहा कि संदीप गर्ग द्वारा पहले ही नेक कार्य किये जा रहे थे। अब संदीप गर्ग द्वारा जो कैम्पों के साथ दोपहर के भोजन को भी जोड़ दिया है, उससे ज्यादा नेक कोई नहीं हो सकता। ऐसे व्यक्ति को आगे लेकर आना चाहिए और साथ देना चाहिए। वहीं कैम्प में 290 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आंखो की जांच करवाई।

# 'हल्का पानीपत ग्रामीण में परिवार जोड़ो अभियान 75 प्रतिशत पूरा'

## गावँ गंजबड़ बडोली राजाखेड़ी मे किया परिवार जोड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आम आदमी** पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं । अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 41 गांव और 46 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। डॉगी लगभग हल्का ग्रामीण क्षेत्र का 75% होता है।
आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की




गावँ गंजबड़ एवं बडोली राजाखेड़ी मे डोर टू डोर कैंपेन किया हल्का पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी के मूलभूत सुविधाओं पर बारीकी से चर्चा कर रहे हैं। जिला सचिव देवन सलूजा प्यारेलाल गुप्ता रमेश कुमार ने राजाखेड़ी डोर टू डोर अभियान किया। चर्चा हर घर मे बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर मे स्वास्थ्य परिवार महिला सुरक्षा एवं बेरोजगारी पर रही। मूलभूत

**अभियान**

**8 अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 41 गांव और 46 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके है**

सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उपलब्ध होगी। गावँ गंजबड़ रजाखेड़ी एवम बाड़ोली की जनता में एक अद्भुत उत्साह दिखा ।सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी।
हर घर में बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य मैं होनी चाहिए जिस पर जनता ने सहमति जताई।
2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना तय ये पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई। इस मौके पर राज कुमार मुंडे ,देवेंन सलुजा, प्यारेलाल गुप्ता, राजेंद्र राठी, कर्मबीर जाटल, राजबीर, मुकेश शर्मा, राजवीर सिंह व बहुत से अन्य साथी शामिल हुए।

# सनौली खंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश अभियान

## अमृत कलश यात्रा का हुआ शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**मेरी माटी** मेरा देश अभियान के तहत सनौली खण्ड में आयोजित रैली में बड़ी तादात में युवतियों ने एवं खंड विकास कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और मेरी माटी मेरा देश, वंदे मातरम व भारत माता के जयघोष लगाए। अब इस अभियान के दूसरे चरण में कलश में मिट्टी एकत्रित की जा रही है। इसे पहले ग्राम स्तर पर और फिर जिला और राज्य स्तर पर एकत्र किया जाएगा। इसके बाद मिट्टी को दिल्ली भेजा जाएगा जहां देशभर की मिट्टी को मिलाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। अमृत वाटिका का निर्माण हमारे देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान गंवाने वाले नायकों को याद करेगा और उन्हें श्रद्धांजलि देगा।
कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कुमारी रितु लाठर ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दूसरे चरण को बताते हुए कहा कि पानीपत में अभियान चलाया हुआ है जिसमे आज सनौली खंड से खंड स्तरीय जागरूकता रैली निकाल कर उसका शुभारम्भ किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि इस अभियान के अमरवीर शहीदों को अपनी शर्धांजलि अर्पित करने, बच्चो में देश भक्ति की भावना पैदा करने के लिए देश की एकता और एक जुटता के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
नेहरू युवा केंद्र पानीपत की लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कनिका त्रिपाठी ने कहा कि हम सब को अपने देश की एकता बनाये रखने और देश की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को दी जा रही आधुनिक शिक्षा : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम व वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कहा है कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगार परक बनाने तथा बच्चों में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिये ए.आई. का सक्रिय सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग तथा इससे जुड़े आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि समाज की गरीबी एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा जरूरी है। इसलिए गुरुजनों की महती जिम्मेदारी है कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुये प्रधानमंत्री के सपनों का उत्तर प्रदेश बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। धर्मपाल सिंह बुधवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान औ? प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आयोजित एन.ई.पी-2020 की संस्तुतियों के क्रियान्वयन के संबंध में प्राचार्य एवं डायट प्रवक्ताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

## कांग्रेस के बेबुनियाद आरोप राजनैतिक हताशा : भाजपा

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के तमाम आरोपों को बेबुनियाद और भ्रामक बताते हुए उनकी राजनैतिक हताशा करार दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार राज्य को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए निवेश के प्रयासों में जुटी है और कांग्रेस प्रदेश की छवि खराब कर निवेश रोकने की साजिश कर रही है। राज्य को पूर्व में दिये गए विशेष पैकेज छीनने वालों के मुंह से निवेश और भ्रष्टाचार पर ज्ञान शोभा नही देता है। मनवीर ने करन माहरा के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार की गंगा बहायी और पतित पावनी गंगा को नहर तक घोषित किया। वह एम्स के जिन तमाम पुराने प्रकरणों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें सीबीआई जांच प्रक्रिया जारी है। जहां तक सवाल वहां कार्यरत नियुक्ति एजेंसी का है तो एम्स प्रशासन ने नियमानुसार ही टेंडर प्रक्रिया के बाद उन्हें काम दिया होगा। यदि कोई गड़बड़ी संज्ञान में आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी, लेकिन कांग्रेस को हवा हवाई जानकारी के आधार पर एम्स जैसी विश्व प्रसिद्ध स्वास्थ्य संस्था की छवि खराब करने से बचना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार पूंजीगत निवेश को लेकर जितनी मजबूती से प्रयास कर रही है, उसके नतीजे भी उतने ही शानदार और विकसित उत्तराखंड बनाने वाले साबित होने वाले हैं। लगता है राज्य को हासिल इस सफलता से कांग्रेस पार्टी परेशान हो गई है और उन्हें अपनी सरकार का जीरो निवेश काल याद आ गया है। तभी वह प्रसन्न होने के बजाय वह झूठे आरोप और नकारात्मक भविष्यवाणी कर राज्य में निराशा का माहौल बनाने की कोशिश में लगे हैं ।

कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि शायद कांग्रेस नेता उत्तराखंड से बाहर कम ही निकलते हैं। कांग्रेस शासित प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड में कानून व्यवस्था का हाल व जंगलराज की ओर आंखें मूंद रहे हैं।

# उप्र में महिला अपराधों में आयी कमी

## योगी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और उनकी सुरक्षा को लेकर सख्त रवैया दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और उनकी सुरक्षा को लेकर सख्त रवैया दिखाया। इससे न केवल प्रदेश में इन अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है, बल्कि पीड़ित परिवार भी अपराधियों को सजा दिलाने के लिए आगे आ रहे हैं। सरकार द्वारा जगाए गए आत्मविश्वास के कारण अब महिलाएं भी अपने खिलाफ होने वाले अपराधों की शिकायत करने से गुरेज नहीं कर रही हैं।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निवास स्थान पर फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन के मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने को कहा। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप पांच और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम पांच की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट इस साल जनवरी से लेकर अगस्त माह तक की है। इसमें पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में दर्ज मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। प्रदेश में जनवरी से अगस्त तक दुष्कर्म के 1869 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 1359 मामलों में आरोप पत्र दाखिल कर दिये गये हैं जबकि 220 में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी है। 290 मामलों की विवेचना की जा रही है। जागरूकता के चलते दुष्कर्म के मुकदमे पिछले आठ माह में फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर में ज्यादा दर्ज किए गऐ हैं।

## प्रदेश के 42 जनपदों में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**आंकाक्षी विका**सखंडों में सरकारी योजनाओं को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार ने 03 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के 68 विकासखण्डों में संकल्प सप्ताह मेले का आयोजन किया। यह मेला पूरे सप्ताह तक चलेगा। इसमें व्यापक पैमाने पर जनभागीदारी रही। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सभी चिन्हित 68 विकासखण्डों के शत प्रतिशत हेल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और सब सेंटर (एससी) में मेला लगाया गया, जिसमें औसत आगंतुकों की संख्या 99 रही। विकासखण्डों के 99 प्रतिशत पीएचसी और सीएचसी में औसतन 202 लोग सहभागी बने। इसे संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। नीति आयोग की ओर से चयनित आकांक्षी विकासखण्डों के सभी

**संकल्प सप्ताह**

**8 विकासखण्डों के 99 प्रतिशत पीएचसी और सीएचसी में औसतन 202 लोग सहभागी बने**

सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा इकाइयों व हेल्थ वेलनेस सेंटरों में मेगा स्वास्थ्य शिविर चलाया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का परीक्षण, जोखिम गर्भावस्था की पहचान व टीकाकरण किया गया। इसके अलावा गैर संक्रामक रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया टेस्ट, क्षयरोग स्क्रीनिंग, निक्षय मित्र सम्मान व टीबी चैंपियन बनाए गए।

**करीब 2.20 लाख लोग हुए लाभान्वित:** संकल्प सप्ताह मेले में 42 जनपदों के 68 विकासखण्डों में कुल 1605 हेल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और सब सेंटर (एससी)में आयोजित मेले में कुल 1,59,458 लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह कुल 294 पीएचसी और सीएचसी में आयोजित मेलों में कुल 59,255 लोग लाभार्थी बने। इस तरह एचडब्ल्यूसी, एससी और पीएचसी, सीएचसी में इस मेले के माध्यम से प्रदेश के करीब 2.20 लाख लोगों को स्वास्थ्य मेले का लाभ प्राप्त हुआ। पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 43 एचडब्ल्यूसी और एससी में मेरा आयोजित हुआ, जिसमें 6626 लोगों की सहभागिता रही। वहीं, इसी ब्लॉक के सर्वाधिक 10 पीएचसी और सीएचसी में आयोजित मेले में 2989 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार का लाभ प्राप्त किया।

## उत्तराखंड सरकार और नियो एनर्जी के बीच 15 हजार करोड़ का अनुबंध



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड को** समृद्ध बनाने के लिए मुख्यमंत्री की पहल रंग ला रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में नई दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के रोड शो के अवसर पर उत्तराखंड सरकार और जेएस डब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के मध्य 15 हजार करोड़ का अनुबंध किया गया। इस अनुबंध के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में पंप स्टोरेज प्लांट, सीमेंट, स्पोर्ट्स, ट्रेनिंग सेंटर, पेयजल, कुमाऊं के मंदिरों (मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत) पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में सहयोग की अपेक्षा की। इस अनुबंध के तहत जेएसडब्ल्यू एनर्जी 1500 मेगावाट क्षमता के अल्मोड़ा में 2 स्व-पहचान वाली पंप स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य करेगी, जिसे अगले 5-6 वर्षों में विकसित किया जाएगा। अल्मोड़ा के जोसकोटे गांव में साइट-1 में यह योजना निचला बांध/ जलाशय कोसी नदी से 8-10 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। अल्मोड़ा के कुरचौन गांव में साइट-2 में यह ऊपरी जलाशय कोसी नदी से 16 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। इस योजना से एक बड़ी आबादी को पेयजल की आपूर्ति और कृषि के लिए सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी।

**इन्वेस्टमेंट**

**8 इस अनुबंध के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा**


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बुधवार को जनपद बस्ती में महर्षि वशिष्ठ चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं रोगियों का हाल-चाल लेते हुए।

## 'मोदी सरकार की गिरती लोकप्रियता का नतीजा है आप सांसद की गिरफ्तारी'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

आम आदमी पार्टी (आआपा) ने प्रवर्तन निदेशालय का आप सांसद संजय सिंह के यहां छापे और गिरफ्तारी पर मोदी सरकार की हताशा और निराशावादी सोच बताया।

आआपा के महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि अभी तक ईडी और सीबीआई को तथाकथित शराब घोटाले में कोई भी साक्ष्य नहीं मिल पाए हैं। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर केंद्र सरकार जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है

## उप्र में 11.74 लाख वरिष्ठ नागरिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार ने 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के 11.74 लाख वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जायेगा। इस संबंध में प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। युष्मान योजना के तहत एक पात्र परिवार एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तरह बनाए गए पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के डाटा से ऐसे परिवारों का डाटा लिया गया है।

**मिलेगा लाभ**

**8 सरकार ने 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया**

## 50 वर्षों को लेकर कार्य योजनाएं बनायी जायेंगी : केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**संगमनगरी के** विकास के लिए जो भी योजनाएं बनायी जाएं,वह कम से कम आगामी 50 वर्षों को लेकर बनायी जाएं। हम नम्बर एक पर प्रयागराज का विकास देखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीर्थ स्थलों के विकास के प्रति समर्पित हैं। शहर में बनने वाले रिंग रोड के 5 किमी. तक कोई नई प्लाटिंग नहीं होनी चाहिए। जिससे इसका भव्य स्वरूप होगा। यह बातें उप्र के



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ प्रयागराज हमें मिलकर बनाना है और प्रयागराज को देश का सबसे सुंदर शहर बनाना है। उन्होंने बताया कि शहर में अन्त्येष्टि के लिए घाटों की कमी है। इसके लिए रसूलाबाद घाट की सड़क का चौड़ीकरण होगा। फाफामऊ में लोग बालू में शव को दबा देते हैं, इसके लिए व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही छतनाग, अरैल व दारागंज में अन्त्येष्टि स्थल का विस्तार होगा। इसकी कमेटी बनाकर जन प्रतिनिधियों से मिलकर आगामी 25 वर्षों तक की कार्य योजना बनायेंगे।




**कब्जा हटाया** सतना की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित ऑटो ड्राइवर का मकान प्रशासन ने ढहा दिया

## दुष्कर्म के आरोपित के घर पर चला 'मामा का बुलडोजर'

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**

**महाकाल** की नगरी उज्जैन में मानवता को शर्मसार करने वाले आरोपित पर 'मामा' कहर बनकर बरसे हैं। सतना की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित ऑटो ड्राइवर का मकान प्रशासन ने ढहा दिया। कहा जा रहा है कि आरोपित के पिता ने सालों से सरकार की जमीन पर कब्जा किया हुआ था। हालांकि, नगर निगम ने पहले ही जमीन खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नगर निगम ने ऑटो ड्राइवर भरत सोनी का नानाखेड़ा स्थित मकान



ढहा दिया। इस दौरान नगर निगम और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही और इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, आरोपित ने सरकारी जमीन पर कब्जा करते हुए धार्मिक स्थल एवं मकान बना रखा था। आरोपित भरत सोनी को जल्द-से-जल्द सजा दिलाने की कोशिश हो रही है। इसके लिए पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की कोशिशें कर रही है। वहीं, आरोपित के पिता ने इस शर्मनाक करतूत के लिए फांसी की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि मैं बेटे से मिलने के लिए कहीं पर भी नहीं जाऊंगा। मेरे बेटे को फांसी दी जानी चाहिए।

**मदद की गुहार लगाती रही नाबालिग:** सनद रहे कि 25 सितंबर को मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग आधी रात को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भटक रही थी। ऐसे में भरत सोनी ने उसे अपनी ऑटो में बिठाया और जीवनखेड़ी क्षेत्र ले गया, जहां पर ऑटो ड्राइवर ने मानवता को शर्मसार करते हुए हैवानियत भरे कृत्य को अंजाम दिया।